# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में की जनसभा, वाराणसी में मातृ शक्ति सम्मेलन को किया संबोधित। आज बस्ती और श्रावस्ती में करेंगे जनसभा।
- लोकसभा चुनाव के छठे और सातवें चरणों के चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत : बलरामपुर में योगी आदित्यनाथ, आजमगढ़ में अखिलेश यादव और जौनपुर में मायावती ने किया प्रचार।
- चौथे चरण में हुए फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र का एक मतदेय स्थल हुआ अमान्यः 25 मई को होगा पुर्नमतदान।
- प्रदेश के कई जनपदों में हुई बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत : मौसम विभाग ने लखनऊ समेत आसपास के कई जनपदों में जताई बारिश की संभावना।

**********

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन प्रयागराज में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा और वाराणसी में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित किया। प्रयागराज में श्री मोदी ने कहा कि 2024 का यह चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर बहेगी। भारत की पहचान आज एक्सप्रेस–वे और इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है।

***इंडी गठबंधन वालों की नाव डूब रही है। इनका एक ही सहारा है झूठ। लगातार झूठ, हर जगह पर झूठ बार–बार झूठ यह संविधान को लेकर झूठ फैला रहे है। संविधान को इससे खतरा है। यह प्रयागराज से बेहतर कौन बतायेगा। आपातकाल लगाकर संविधान को बदलने की साजिश किसने की। यही इलाहाबाद हाईकोर्ट में कांग्रेस की तानाशाही पर लगाम लगाई थी।***

उधर,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि काशी मातृशक्ति का सबसे बड़ा केंद्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों में महिलाओं की भागीदारी रही है, जो भारत की सफलता का एक बड़ा कारण है। सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी है।

सरकार ने महिलाओं को घर, गैस और इज्जतघर देने का काम किया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 25 हजार के करीब महिलाएं शामिल हुईं।

प्रधानमंत्री ने कल वाराणसी में ही रात्रि विश्राम किया और आज बस्ती में चुनावी जनसभा में हिस्सा लेंगे। यह रैली बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में एक और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

**********

प्रदेश में छठें और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने कल बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती और आजमगढ़ में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षो में हमें एक नये भारत का दर्शन हुआ है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कल इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में आजमगढ़ और भदोही में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा का वादा झूठा साबित हुआ है। भाजपा सरकार युवाओं और किसानों की मदद करने में पूरी तरह से फेल हुई है। आजमगढ़ में जनसभा के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा, जिसके बाद पुलिस ने उपद्रवियों को वहां से खदेड़ा।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कल अम्बेडकरनगर में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिये वोट मांगे। जनसभा के दौरान मंच टूटने से कई कार्यकर्ता नीचे गिर गये, लेकिन शिवपाल बाल–बाल बच गये।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कल जौनपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करते हुए भाजपा को घेरा। बसपा सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा मुफ्त राशन के नाम पर वोट मांग रही है। वह राशन जनता के टैक्स से दिया जा रहा है। इसलिये जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आयेगी।

***कांग्रेस, बीजेपी अन्य सभी विरोधी पार्टियों ने इस देश के बड़े–बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों से अपने पार्टी संकल्प को चलाने व चुनावी वादे कराने के लिये बांड के जरिये अरबों, खरबों रुपया इस देश के बड़े बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों से लिया है। लेकिन आप लोगों को जानकर यह खुशी होगी कि बहुजन समाज पार्टी देश में मात्र एक ऐसी पार्टी है जिसने एक भी रुपया किसी भी बड़े पूंजीपति व धन्नासेठों से नहीं लिया।***

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान मतदेय स्थल पर 13 मई को हुए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस मतदेय स्थल पर हुए मतदान में कुछ अनिमितताएं प्रकाश में आई थीं, जिसके कारण 25 मई को पुर्नमतदान का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुर्नमतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**********

उत्तर प्रदेश में छठे और सातवें चरण के चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक आज प्रचार करेंगे।

प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी बस्ती और श्रावस्ती निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में राजनीतिक रैलियों को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जौनपुर, बस्ती, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव महराजगंज, कुशीनगर और जौनपुर में प्रचार करेंगे। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती सुल्तानपुर में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगी। जबकि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव आजमगढ़ जिले में राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। इसमें देश की चर्चित सीटों में से एक इलाहाबाद लोकसभा सीट भी शामिल है। इलाहाबाद के चुनावी परिदृश्य पर हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......
(बाइट 15)

***इलाहाबाद सीट से जीतकर लाल बहादुर शास्त्री और वी पी सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। पिछले दो चुनावों से इस सीट पर भाजपा जीत रही है। इस सीट पर सबसे अधिक 07 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। इस बार भाजपा ने पूर्व राज्यपाल पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने उज्जवल रमण और बसपा ने रमेश पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा 11 अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वर्तमान में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आईं रीता बहुगुणा जोशी यहां से सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में रीता बहुगुणा जोशी ने समाजवादी पार्टी के राजेंद्र सिंह पटेल को भारी मतों से हराया था। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार तेज कर दिया है। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव शामिल हैं। इस संसदीय सीट पर 18 लाख से अधिक मतदाता 14 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी सामचार, प्रयागराज।***

**********

प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया है। सिद्धार्थनगर और महराजगंज के तराई क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में तापमान गिर गया। रायबरेली और बदायूं में भी मौसम में अचानक आये बदलाव से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली।

मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ समेत कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, बाराबंकी, बहराइच, लखीमपुर खीरी और हरदोई में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, जालौन, आगरा, झांसी, ललितपुर, फिरोजाबाद और आसपास के इलाकों में हीटवेव की स्थिति अगले 5 दिनों तक बने रहने की आशंका जताई है।

**********